स्वास्थ्य विभाग ने तकनीकी सेवा आयोग को स्थायी नियुक्ति का भेजा प्रस्ताव

राज्य में 10 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति जल्द

हि विशेष

■ डॉक्टर्स क्लिक

पटना। राज्य के सरकारी अस्पतालों में 10 हजार स्वास्थ्यकर्मियों की स्थायी नियुक्ति जल्द की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने कर्मियों की नियुक्ति को लेकर तकनीकी सेवा आयोग (टीएसपी) को अपनी अनुशंसा भेज दी है। स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति को लेकर बैकर प्रस्ताव पर चलने की विधि एवं वित्त विभाग की मंजूरी मिल चुकी है। वहीं, स्थायी नियुक्ति को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की मंजूरी भी ली गयी है।

सूत्रों के अनुसार सरकारी अस्पतालों में एक-दो तकनीशियन के 8034 रिक्त पदों एवं ओटी असिस्टेंट (सहायक कक्ष सहायक) के 1096 पदों की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है। कुल 9130 रिक्त पदों की नियुक्ति को लेकर आयोग के स्तर से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विमर्श भी किया जा चुका है। इन पदों के लिए दो सप्ताह के अंदर तकनीकी सेवा आयोग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इन रिक्त पदों के अतिरिक्त चार्मिस्ट, ईसीजी सहायक, लैब तकनीशियन व ट्रेनर के रिक्त पदों के लिए प्रस्ताव बैकर किया जा रहा है। इन पदों के लिए भी जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

- तकनीकी सेवा आयोग को तय के अंदर आवेदन मंगवाने की तैयारी में
- 8034 एक-दो तकनीशियन व 1096 ओटी असिस्टेंट करेंगे नियुक्ति

9130 रिक्त पदों पर दो सप्ताह के भीतर आवेदन आमंत्रित करने

3270 अनुपस्थित चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

तीसरी लहर के पूर्व शुरू हुई थी रिक्तियां भरने की प्रक्रिया

कोरोना की तीसरी लहर के पूर्व स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मानव बल की आपूर्ति को पूरा करने की दिशा में प्रयास तेज किए गए थे। इस क्रम में 5 हजार 328 चिकित्सा व सामान्य चिकित्सक, 3270 अनुपस्थित चिकित्सक, 4871 जीएनएम व 9233 एमएलएसपी की नियुक्ति 15 सितंबर 2021 तक करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही अलग-अलग पदों पर लगभग 1 हजार नियुक्तियों की प्रक्रिया बिहार तकनीकी सेवा आयोग शुरू करने का निर्देश दिया गया था। अनुपस्थित चिकित्सकों के पदों को भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिप्लोमा है जरूरी

एक-दो तकनीशियन के पदों के लिए आवेदन करने के लिए आयोग की मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से एक-दो तकनीशियन कोर्स में डिप्लोमा पास करना होगा। सूत्रों के अनुसार एक-दो तकनीशियन की डिग्री व अनुभव वाले अभ्यर्थी भी आवेदन दे सकेंगे। वहीं, राज्य तथा सहायक के लिए भी समान योग्यता होगी। केंद्रीय, राज्य सरकार या अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिग्री अभ्यर्थी भी इन पदों के लिए योग्य माने जाएंगे। इनके लिए राज्य सरकार के तहत निर्धारित वेतनमान के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाएगा। स्थायी नियुक्ति के तहत इन्हें राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में पदस्थापित किया जा सकेगा।